मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–3, जुलाई 2012

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## कामधेनु ने जम्मू के डीलर्स की पीठ थपथपाई

देश की अग्रणी स्टील, पेंट और निर्माण सामग्री निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने साथ जुडे डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को कामधेनु परिवार का हिस्सा मानती है। यही वजह है कि कंपनी समय–समय पर उनका सम्मान करती रहती है। इसके लिए कंपनी अलग–अलग शहरों में डीलर्स मीट का आयोजन करती है।

इसी कड़ी में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने जम्मू में कार्यरत डीलर्स का हौसला बढ़ाने और सम्मान करने के लिए 18 जुलाई को जम्मू शहर के होटल एशिया में सालाना डीलर्स मीट आयोजित की।

कामधेनु के इस शानदार कार्यक्रम में श्री सुनील अग्रवाल, डायरेक्टर, कामधेनु इस्पात लिमिटेड, श्री विवेक माहेश्वरी, ए.जी. एम., श्री चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर, (ब्रैंड प्रोमोशन) और श्री कृष्णधर, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर (जम्मू क्षेत्र) शामिल हुए। इसके साथ ही जम्मू में कामधेनु के अधिकृत लाइसेंस के तहत कामधेनु ब्रैंड के टीएमटी सरिया बनाने वाली कंपनी मेसर्स विजय स्टील इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्री बी एस अग्रवाल, श्री एस के अग्रवाल, एमडी, श्री अजय अग्रवाल, डायरेक्टर और श्री संजय अग्रवाल, डायरेक्टर भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में जम्मू क्षेत्र के 150 से ज्यादा डीलर्स, आर्किटेक्ट्स और बिल्डर्स ने शिरकत की।

इस मौके पर श्री सुनील अग्रवाल ने पिछले कुछ सालों के दौरान पूरे जम्मू क्षेत्र के डीलरों के उल्लेखनीय प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "कामधेनु भारत की सबसे तेजी से बढ़ती स्टील कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी ने यह मुकाम पूरे देश में फैले अपने मेहनती डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के बेहतरीन प्रदर्शन के बदौलत हासिल किया है। हमने बेहतरीन मैटेरियल और नवीनतम तकनीक से युक्त कई अनूठे स्टील उत्पाद बाजार मे उतारे हैं। कामधेनु टीएमटी 500-D उत्कृष्ट गुणवत्ता का दूसरा नाम है, जिसे भारत में बहुत कम कंपनियां बनाती है। हमारे डीलर्स कंपनी के बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों का फायदा उठाते हुए सफलतापूर्वक बाजार प्रतियोगिता में आगे निकल रहे हैं।"

श्री सुनील अग्रवाल ने डीलर्स का प्रदर्शन और बेहतर करने के लिए हर संभव सहयोग करने का वादा किया। उन्होंने डीलर्स को भरोसा दिलाया कि कंपनी डीलर्स को कभी कोई दिक्कत नहीं होने देगी और न ही उन्हें कोई शिकायत का मौका दिया जाएगा। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी डीलर्स की हर समस्या का तत्काल हल निकालने के लिए तत्पर रहते हैं।

कामधेनु ने सालाना मीट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर डीलर्स ने बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी में इजाफा करने के लिए और ज्यादा प्रयास करने का भरोसा दिलाया।




**सभी देशवासीयों को 66 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

# प्रणब मुखर्जी बने देश के 13वें राष्ट्रपति



प्रणब मुखर्जी देश के 13 वें राष्ट्रपति बन गए हैं। 22 जुलाई को घोषित नतीजों के मुताबिक उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पी ए संगमा को भारी मतों से हराया। प्रणब के हिस्से सात लाख 13 हजार 763 मत मूल्य आये जबकि भाजपा समर्थित प्रतिद्वंद्वी पी ए संगमा को तीन लाख 15 हजार 987 मत मूल्य हासिल हुए ।

देश का अगला राष्ट्रपति चुने जाने के बाद प्रणब मुखर्जी ने देश भर से मिले समर्थन के लिए सभी का आभार जताया। प्रणब ने कहा, '' पूरे देश से मुझे जबर्दस्त समर्थन मिला है, जिसके लिए मैं सभी का आभारी हूं । मेरे पांच दशक के राजनीतिक जीवन में जितने लोगों ने मुझे सहयोग और समर्थन किया है उन सभी को मैं धन्यवाद देता हूं ।''

इस जीत के साथ प्रणब मुखर्जी देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर 13वें व्यक्ति और 14वें राष्ट्रपति होंगे। डा. राजेंद्र प्रसाद दो बार इस पद के लिए चुने गए थे।

राष्ट्रपति पद की चुनावी दौड़ में शुरूआत से ही कई उतार चढ़ाव देखने को मिले। यूपीए की प्रमुख घटक तृणमूल कांग्रेस ने काफी ना नुकुर के बाद अंतत: प्रणब की उम्मीदवारी पर समर्थन दे दिया । उधर राजग के घटक जदयू और शिवसेना ने भी मुखर्जी का समर्थन किया।

# सुनीता की नई उड़ान



भारतीय मूल की अमरीकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष यात्रा पर निकल पड़ी है। सुनीता और उनकी टीम रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज से 14 जुलाई को अंतरिक्ष की ओर रवाना हुई। सुनीता दूसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा कर रही हैं, इससे पहले वो 2006 में अंतरिक्ष में जा चुकी है। पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान सुनीता छह महीने तक वहाँ रही थीं।

उड़ान भरने से पहले सुनीता ने कहा, "मुझे पूरी आशा है कि ये यात्रा बिना किसी परेशानी की होगी, मेरी टीम बहुत अच्छी है और हम लोग एक साथ मिलकर काम करते हैं।"

नासा के मुताबिक, सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगियों का अंतरिक्ष केंद्र में कार्यक्रम बहुत व्यस्त होगा। इनमें दो स्पेस वॉक, जापानी और अमरीकी वाणिज्यिक और रूसी आपूर्ति यानों का शोध शामिल है। सुनीता और उनकी टीम नवंबर के मध्य में धरती पर वापस लौटेगी।

सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में 188 दिन बिताने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री हैं, जबकि अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। उनसे पहले हरियाणा के करनाल की दिवंगत कल्पना चावला भी अंतरिक्ष में जा चुकी थीं।

# नोएडा एक्सटेंशन तक दौड़ेगी मेट्रो



नोएडा एक्सटेंशन में फ्लैट बुक करवाने वालों को राज्य सरकार ने बड़ी खुशखबरी दी है। नोएडा अथॉरिटी ने सेक्टर–71 से नोएडा एक्सटेंशन तक लगभग सात किलोमीटर तक मेट्रो के विस्तार का फैसला किया है। इसके डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानी डीपीआर बनाने पर बोर्ड ने सहमति दे दी है। इस प्रोजेक्ट पर लगभग 1400 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। वहीं एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से भी इसी महीने मास्टर प्लान को मंजूरी मिलने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है।

नोएडा अथॉरिटी की 9 जुलाई को हुई 176 वीं बोर्ड मीटिंग में मेट्रो प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। इस परियोजना के तहत द्वारका नोएडा सिटी लाइन को आगे बढ़ाकर नोएडा एक्सटेंशन तक ले जाया जाएगा। सात किलोमीटर लंबे इस रूट पर तीन मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे।

वहीं दूसरी ओर बोर्ड ने कालिंदी कुंज से लेकर बॉटनिकल गार्डन तक मेट्रो ट्रैक के डीपीआर को मंजूरी दे दी है। अब अगले एक या दो महीने के अंदर शासन से अनुमोदन के बाद इसके एमओयू पर साइन हो जाएंगे। इस प्रोजेक्ट की लागत 845 करोड़ रुपये होगी। नोएडा एक्सटेंशन में मेट्रो का रास्ता साफ होने से यहाँ प्रॉपर्टी की कीमतों में उछाल आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कामधेनु पेन्ट्स ने छुआ कामयाबी का नया शिखर




देश की अग्रणी स्टील निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट डिवीजन कामधेनु पेन्ट्स ने कामयाबी का नया शिखर छूते हुए जम्मू एवं कश्मीर में शीर्ष 3 पेंट कंपनियों में पहुँच गया है। कंपनी ने जम्मू शहर के हरि निवास पैलेस में 14 जुलाई, 2012 को आयोजित डीलर्स मीट में इस कामयाबी का ऐलान किया।

इस सम्मेलन में कामधेनु पेन्ट्स के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें श्री राजकुमार श्रीवास्तव, मार्केटिंग हेड (ऑल इंडिया), श्री हरविन्दर सिंह, डीजीएम, श्री समीर कोहली, एएसएम, श्री लवजीत सिंह, मैनेजर, ब्रांड प्रोमोशंस, तथा जम्मू में वितरक एवं सुपर स्टॉकिस्ट मैसर्स नन्दा बिल्डर्स के श्री सुभाष नंदा शामिल थे। इस भव्य कार्यक्रम में कंपनी के 200 से अधिक पेन्ट डीलरों ने भागीदारी की। ये डीलर्स अनेक वर्षों से जम्मू क्षेत्र में कार्यरत हैं।

अपने सम्बोधन में श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने उल्लेखनीय सहयोग और निष्ठा के लिए अपने सभी डीलर्स का औपचारिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि, 'जम्मू एवं कश्मीर, कामधेनु पेन्ट्स के लिए एक महत्त्वपूर्ण बाज़ार बन गया है, जहाँ ***Colour Dreamz*** ब्रांड के अंतर्गत प्रस्तुत हमारे पेन्ट उत्पादों के प्रति ग्राहकों ने अपना भरोसा जताया है। राज्य में व्यापक पहुँच सुदृढ़ करने के लिए हमारे डीलरों ने बाजार संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया है।'

श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी ने बाज़ार में कुछ नए उत्तम गुणवत्ता के पेन्ट जैसे कि शीन एन शाइन, इको फ्रेश और कामोमेटालिका भी पेश किए हैं। कंपनी पर्यावरण के अनुकूल पेंट बनाने पर खास तौर पर जोर दे रही है। श्री श्रीवास्तव के मुताबिक कामधेनु पेंट्स, ***Colour Dreamz*** देश के दूसरे राज्यों में भी कामयाबी के परचम लहरा रही है। कंपनी देश की 6 बड़ी पेंट कंपनियों में शामिल हो चुकी है।

इस अवसर पर कामधेनु पेन्ट्स ने अप्रैल–2012 से जून–2012 की तिमाही दौरान 'ऑल इंडिया फर्स्ट हाइएस्ट सेल्स वैल्यू' हासिल करने के लिए मैसर्स नंदा बिल्डर्स को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुछ अन्य डीलरों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें मैसर्स विकास ट्रेडर्स, अखनूर, मैसर्स संजीव हार्डवेयर, कटरा, मैसर्स साई दास हार्डवेयर स्टोर, कठुआ, मैसर्स विशाल एजेंसीज, सिदरा, महेश ट्रेडर्स, जम्मू, कृष्णा फर्टिलाइजर्स, जीबीएन एंटरप्राइजेज, बॉम्बे मेटल मार्ट तथा सयाल हार्डवेयर शामिल थे।

कामधेनु पेंट्स के डीलर्स ने राज्य में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने का भरोसा दिलाया।




**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री. एस एन मित्तलस/श्री रोहित मित्तल
**मैसर्स मित्तल टिंबर ट्रेडर्स**
कृष्णा मार्केट, पीतमपुरा गांव
नई दिल्ली –34
मो. 9811197876, 9711334917

श्री चेतन कुकरेजा
**मैसर्स तारा चंद कुकरेजा एण्ड सन्स**
668, भोगल रोड,
भोगल, नई दिल्ली– 110015
मो. 9810140310

श्री देवानंद जयसवाल
**मैसर्स कलावती मार्बल एण्ड स्टील वाराणसी**
डी एल डबल्यू रोड ककरमत्ता, वाराणसी
मो. 9936536597, 9451941587

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14





# कामधेनु ने डीलर्स को कराई दुबई की सैर

देश की अग्रणी स्टील कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लगातार प्रोत्साहित करती रही है। इसी कड़ी में कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को चार चरणों में प्रोत्साहन के तौर पर दुबई की सैर कराई। ये चारो चरण की यात्राएं 4 से 17 जुलाई के बीच बारी–बारी से आयोजित किये गये।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सचिन अग्रवाल ने यात्रा के दौरान टीम का नेतृत्व किया। डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ कुछ वरिष्ठ अधिकारी जैसे श्री सुशील भारद्वाज और श्री पंकज आजाद भी दुबई यात्रा पर गए। इसके अलावा कामधेनु के अधिकृत लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत कामधेनु ब्रांड टीएमटी के निर्माता गिरिराज आयरन स्टील कंपनी प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर श्री बाल कृष्ण अटल और श्री प्रतीक राठी, तथा आशियाना इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री पुनीत जैन भी शामिल थे। पंजाब से कामधेनु इस्पात लिमिटेड की टीम में श्री चंदन गोस्वामी, श्री कपिल कंसल, श्रीमती आरती कंसल, श्री रजनीश गुप्ता, श्री हिमांशु शर्मा और श्री पुनीत कपिल शामिल थे। इस मौके पर श्री सचिन अग्रवाल ने कंपनी के डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के योगदान की जमकर सराहना की। श्री अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पादों के साथ–साथ उपभोक्ताओ को सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदान करती है। हम अपने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्रोत्साहित करने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। इसी कड़ी में यह दुबई यात्रा आयोजित की है।"

यात्रा के दौरान सभी सदस्यों को दुबई के आलीशान होटलों में ठहराया गया। उन्होंने जुमेरा मस्जिद, मर्काटो थीम शॉपिंग मॉल, बुर्ज अल अरब, बूर्ज खलीफा जैसे वास्तुशिल्प के शानदार नमूनों को देखा। सभी ने डेजर्ट सफारी के साथ डिनर, पारंपरिक कारवां और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद उठाया। इसके बाद आबुधाबी मे फार्मुला वन रेसिंग ट्रैक और फरारी वर्ल्ड को देखा, जो दुनिया के बेहतरीन रेसिंग ट्रैक और एम्यूजमेंट पार्क मे आते हैं। कुल मिलाकर यह यात्रा पूरी टीम के लिए यादगार बन गई।






A scintillating spectrum of ravishing colours to give your desires the royal look.




Dreamz Colour

Dil Ke Rang Deewaron Pe


Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com